

# मूसाखेड़ी निर्माणाधीन ओवर ब्रिज पर ऊग रही गाजर घास

▸ 67 करोड़ की लागत से बनने वाले ब्रिज की दुर्दशा




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. पूर्वी रिंग रोड पर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज के बीच गाजर घास उग रही है। इसका कारण यह है कि ब्रिज का काम बहुत धीमा चल रहा है और मुख्य स्पॉन के दोनों ओर ब्रिज की चढ़ाई में मिट्टी मुरम डालकर छोड़ दिया गया है. खास बात यह है कि ब्रिज निर्माण पूरा होने के पहले ही ब्रिज की ऐसी दुर्दशा है, तो आगे ब्रिज का क्या होगा समझा जा सकता है.**

मूसाखेड़ी चौराहे पर मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ओवर ब्रिज बना रहा है. उक्त ब्रिज 8 मीटर लंबा और छह लेन चौड़ा बनाया जा रहा है. इसकी लागत 67 करोड़ रुपए है. उक्त ब्रिज निर्माण पूरा होने की समय सीमा मार्च 2026 है, लेकिन ब्रिज निर्माण दिसंबर तक भी पूरा हो जाए, तो बड़ी बात होगी. इंदौर में यातायात को सुगम बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन, नगर निगम, आईडीए, पीडब्ल्यूडी सहित सभी विभाग अलग अलग क्षेत्रों में विकास कार्य कर रहे हैं. शहर में बढ़ते वाहनों और सकरी पड़ती सड़कों को लेकर प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था को ठीक करने का बीड़ा उठाया है, मगर यह व्यवस्था ध्वस्त हो गई है और ओवरब्रिज के काम सुधार की बजाय यातायात जाम का कारण बन गए है. पूर्वी रिंग रोड पर मूसाखेड़ी चौराहे ब्रिज एमपीआरडीसी द्वारा बनाया का रहा है, लेकिन हालत यह है कि पिछले दो साल से ओवर ब्रिज का काम इतना धीमा चल रहा है कि उसके स्लोप चढ़ाई और उतार वाली जगहों पर गाजर घास उग आई है और मौके पर किसी उजाड़ स्थान का दृश्य नजर आ रहा है.

### अधिकारी ने कॉल रिसीव नहीं किया

उक्त ब्रिज को 67 करोड़ रुपए की लागत से करीब 800 मीटर लंबा और सिक्स लेन चौड़ा  निर्माणाधीन ब्रिज मार्च 2026 में बनकर तैयार होने की समय सीमा निर्धारित है. ब्रिज निर्माण का ठेका एमपीआरडीसी ने बड़ौदा की मेसर्स वीआरएस कंपनी को दिया है. आज की स्थिति में मूसाखेड़ी ओवर ब्रिज दिसंबर 2026 तक भी पूरा होने की संभावना कम है. इस बारे में एमपीआरडीसी के स्थानीय अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया.

# प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी में इंदौर से सिर्फ दो नाम

▸ कई नेताओं के अरमानों पर फिरा पानी





**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी घोषित कर दी गई. इसमें इंदौर से दो नेताओं को जगह मिली है. दोनों में से एक को उपाध्यक्ष और दूसरे को महामंत्री बनाया गया है. खास बात यह है कि दोनों ही आरएसएस के कोटे से हैं. प्रदेश कार्यकारिणी में इंदौर में कई नेताओ के अरमानों पर पानी भी फिर गया है.**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने आज प्रदेश कार्यकारिणी घोषित कर दी. खंडेलवाल ने अध्यक्ष बनने के तीन माह में अपनी टीम घोषित की. खंडेलवाल ने 9 उपाध्यक्ष, 4 महामंत्री, 9 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 1 कार्यालय मंत्री और 1 मीडिया प्रभारी सहित 25 सदस्यीय टीम बनाई है. इंदौर से प्रदेश कार्यकारिणी में सिर्फ दो नेताओं को जगह दी गई है. डॉ. निशांत खरे को महापौर का टिकट कटने के चलते उपाध्यक्ष पद सौंपा गया है. पूर्व नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे को दुबारा अध्यक्ष पद नहीं देने का पुरस्कार मिला है. यह बात अलग है कि रणदिवे आईडीए अध्यक्ष पद की दौड़ से बाहर हो गए, मगर प्रदेश में चार में से एक महामंत्री बनाने से उनका राजनीतिक कद बढ़ गया है. अब वे प्रदेश के नेता हो गए और भविष्य में विधानसभा चुनाव के उम्मीदवार भी बन सकते हैं.डॉ. निशांत खरे शुद्ध रूप से संघ का नाम है. लंबे समय से आरएसएस के विभिन्न कार्यों में जुटे हुए है. शिवराज सिंह चौहान सरकार में इंदौर में सरकारी पोस्टिंग में उनकी खूब चली है. मोहन सरकार में उनके उपकृत करने के लिए किसी मंडल में बैठने को लेकर चर्चा थी, लेकिन उनको भी प्रदेश कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष बनाकर वजन बढ़ाने की रणनीति में सफलता पाई है.

### पहली बार इंदौर को कम प्रतिनिधित्व

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में इंदौर के कई पूर्व विधायक, वरिष्ठ नेताओं के मंसूबे पर पानी फिर गया है. प्रदेश कार्यकारिणी में इंदौर को पहली बार इतना कम प्रतिनिधित्व मिला है. साथ ही कांग्रेस से भाजपा में आए नेताओं को भी स्थान नहीं मिला है. माना जा रहा है कि बिहार चुनाव और कार्यकारिणी के बाद जल्द ही प्रदेश सरकार में मंत्रिमंडल में फेरबदल और निगम मंडलों में नियुक्ति भी होगी.

# छठ पूजा के लिए 150 घाटों पर सूर्य अर्घ्य की तैयारियां पूरी

▸ नगर निगम ने की विशेष व्यवस्थाएं



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** दीपावली के बाद अब इंदौर में आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां अंतिम दौर में हैं. शहर में बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के हजारों परिवार छट पूजा करेंगे. सूर्य उपासना के इस महापर्व को मनाने के लिए इस वर्ष इंदौर में लगभग 150 से अधिक स्थानों पर घाटों निर्माण किया गया है.

आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव और एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर एवं निगम अधिकारियों ने पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान के पदाधिकारियों के साथ विजयनगर स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया. महापौर ने बताया कि नगर निगम द्वारा सभी घाटों और बगीचों की सफाई, रंग-रोगन और जल की स्वच्छता का कार्य पूरा कर लिया गया है. निरीक्षण के दौरान महापौर भार्गव ने कहा कि पूरा इंदौर में छठ पूजा पूरा शहर मनाता है. हर वर्ष की तरह इस बार भी नगर निगम ने तैयारियां पूरी कर ली हैं. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर दो प्रमुख स्थलों पर विशेष घाटों का निर्माण किया जा रहा है, जहां विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो. छठ पर्व का 25 अक्टूबर से 'नहाय-खाय' से शुरू होगा. 26 को 'खरना' व्रत और 27 को तालाबों और जलाशयों में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे. 28 अक्टूबर को सूर्य उदय पर अर्घ्य देकर पर्व का समापन होगा.

### जल प्रबंधन व स्वच्छता की विशेष व्यवस्था

माना जा रहा है कि इस वर्ष इंदौर में अनुमानित ढाई से तीन लाख श्रद्धालु छट पूजा पर्व में शामिल होंगे. इसके लिए नगर निगम ने सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, जल प्रबंधन और स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की गई हैं. महापौर ने इस अवसर पर पूर्वांचल समाज और छट पूजा करने वाले सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी है.

## एक नजर में

### गौरव ग्रंथ का विमोचन प्रसंग कल

**इंदौर.** देवपुत्र एवं स्वदेश के पूर्व संपादक, इंदौर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं मालवा प्रांत के प्रथम संघ चालक कृष्ण कुमार अष्ठाना के समग्र पर केंद्रित गौरव ग्रंथ संघ के अनुष्ठान में अष्ठाना का विमोचन 25 अक्टूबर को किया जायेगा. अग्निधर्मा संपादक समूह द्वारा सम्पादित इस गौरव ग्रंथ के विमोचन के साथ ही निबंध संग्रह साहित्य में विमर्श, नई दृष्टि का विमोचन में भी किया जायेगा. उक्त प्रसंग में डॉ प्रकाश शास्त्री की अध्यक्षता एवं डॉ विकास दवे के मुख्य आतिथ्य में विशेष अतिथि नर्मदा प्रसाद उपाध्याय रहेंगे. यह कार्यक्रम देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, खंडवा रोड पर सम्पन्न होगा.

### फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को भोजन पैकेट्स वितरित



**इंदौर.** शहर एवं दूर दराज के गांवों-कस्बों से शहर में आकर फुटपाथ पर बैठकर रोजी-रोटी कमाने के लिए व्यापार करने वाले करीब 2 हजार लोगों की आंखें उस समय छलक उठी, जब जैन श्वेताम्बर समाज के नवकार परिवार से जुड़े कार्यकर्ताओं ने दीपावली पर उनके पास पहुंचकर उन्हें भोजन के पैकेट्स भेंट किए. नवकार परिवार के युवाओं ने 10 अलग-अलग टीमें बनाकर शहर के राजबाड़ा, एयरपोर्ट रोड, मालवा मिल, पाटनीपुरा, तिलक नगर एवं महूनाका सहित उन सभी क्षेत्रों में पहुंचकर ऐसे व्यापारियों के लिए ताजा भोजन उपलब्ध कराने का अनूठा संकल्प किया था. छोटी-मोटी दुकानदारी के दौरान इनके खाने का कोई भी समय तय नहीं रहता. इन सब तकलीफों को देखकर जैनाचार्य विश्वरत्न सागर सूरी, संस्था के मार्गदर्शक आचार्य भगवंत आनंदचंद्र सागरसूरी एवं अध्यात्म योगी मुनि ऋषभचंद्र सागरजी की प्रेरणा से नवकार परिवार ने पहली बार यह संकल्प किया कि इन फुटपाथ और सड़क किनारे पटरियों पर बैठकर काम काज करने वाले लोगों के लिए स्वादिष्ट और ताजा भोजन उन तक पहुंचाया जाए. इसके लिए नवकार परिवार के कर्ताधर्ताओं ने योजना बनाई, आपस में आर्थिक सहयोग जुटाया और ।जन के पैकेट्स बनाना शुरू कर दिए। सुबह 11 बजे तक सभी पैकेट्स तैयार होकर पीपली बाजार स्थित आदिनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर बुलवा लिए गए, जहां मंदिर में दर्शन एवं जैनाचार्यों को वंदन करने के बाद 10-10 कार्यकर्ताओं की टीमें बनाकर शहर के 10 क्षेत्रों में रवाना कर दी गई और दोपहर डेढ़ बजे तक शहर के लगभग सभी क्षेत्रों में फुटपाथ पर धंधा करने वालों तक भोजन सेवा पहुंचा दी गई. नवकार परिवार के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि संस्था की ओर से हर वर्ष दीपावली एवं अन्य त्यौहारों पर इंदौर आकर फुटपाथ या सडक की पटरियों पर बैठकर रोजी-रोजी कमाने वालों के लिए भोजन सहित अन्य सुविधाओं के प्रबंध का विचार भी चल रहा है.

### तस्वा और शुभमन गिल एक साथ आए

**इंदौर.** तस्वा फैशन डिजाइनर तरुण तहिलियानी के सहयोग से, क्रिकेट आइकन शुभमन गिल को एम्बेसडर बनाकर अपने नए ब्रांड विज़न की घोषणा कर रहा है. शुभमन गिल का किसी भी वेडिंग वियर ब्रांड के साथ ये पहली सहभागिता है, जो तस्वा के इस सफर में एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि यह एक साहसिक सांस्कृतिक बदलाव का संकेत देता है. इस सहभागिता के तहत शादी को स्थापित परंपराओं के बजाय प्रेम, अंतरंगता और साझा स्वामित्व के उत्सव के रूप में दोबारा से स्थापित करने का सफल प्रयास किया जा रहा है. इस जुड़ाव पर शुभमन गिल ने कहा तस्वा के साथ मेरा जुड़ाव खास है. जिस तरह मैदान पर हर पारी संतुलन, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति के बारे में होती है, मेरा मानना है कि शादियां भी इससे अलग नहीं हैं. आशीष मुकुल, ब्रांड हेड, तस्वा, ने कहा तस्वा हमेशा से सिर्फ़ गारमेंट्स से कहीं बढ़कर रहा है- यह एक प्रोग्रेसिव आइडिया का प्रतीक है. शादियां अब सिर्फ़ रस्मों के बारे में नहीं, बल्कि उनके केंद्र में जोड़े के बारे में हैं, जिसमें परिवार आनंदित साथी होते हैं. शुभमन गिल को अपना एम्बेसडर बनाकर, हम नई पीढ़ी के जोड़ों के लिए इस दृष्टिकोण को मज़बूत करने के लिए तत्पर हैं.

### छात्रवृत्ति आवेदन के लिए पोर्टल पर लिंक ओपन

**इंदौर.** जिले की समस्त शैक्षणिक संस्थाओं को सूचित किया गया है कि शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 तथा 2024-25 में अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन हेतू वर्तमान में पोर्टल पर लिंक ओपन है. शैक्षणिक संस्था प्रमुखों से कहा गया है कि वे निर्धारित अंतिम तिथियों के भीतर संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आवेदन अनिवार्य रूप से पोर्टल पर दर्ज करवायें, ताकि विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके. सहायक आयुक्त अनुसूचित जाति तथा आदिवासी विकास इंदौर ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025, शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए 30 नवम्बर 2025 तथा शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए 31 दिसम्बर 2025 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है. छात्रों के आवेदन किये जाने में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर विद्यार्थियों की जानकारी टिकट प्रारूप में कार्यालय अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग कलेक्टोरेट परिसर, द्वितीय मंजिल में उपस्थित होकर टिकट जनरेट करवा सकेंगे.




# डाक विभाग ने जैनाचार्य विभव सागर की स्वर्ण जयंती पर विशेष आवरण किया जारी

**इंदौर.** समाधिस्थ आचार्य विराग सागर महाराज के शिष्य समाधि भक्ति के रचयिता, कवि हृदय जैनाचार्य विभव सागर महाराज के 50वें अवतरण दिवस के शुभ अवसर पर भारतीय डाक विभाग ने एक विशेष आवरण जारी किया है. इस विशेष आवरण को रमेश जैन, कैलाश वेद, इंद्रकुमार सेठी एवं सहायक निर्देशक प्रवीण श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में व प्रवर अधीक्षक शिवांशु कुमार की अध्यक्षता में जीपीओ डाक विभाग में आयोजित विशेष आवरण एवं विरुपण अनावरण समारोह में जारी किया गया. इस अवसर पर कैलाश लुहाड़िया देवेंद्र सेठी निर्मल कासलीवाल वीणा सेठी, अंजू सेठी, सुनीता जैन, ओम पाटोदी, प्रदीप दोषी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अंत में आभार जयंत दोषी ने माना.

# हर्षोल्लास से मनाया बाब और बहाउल्लाह का जन्मोत्सव




**इंदौर.** जिम्मी और जनक मगिलिगन फाउंडेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट के तत्वावधान में बहाई धर्म के युगल अवतार बाब और बहाउल्लाह का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया. बहाई सेविका डॉ. श्रीमती जनक पलटा मगिलिगन के निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के डायरेक्टर प्रो. कन्हैया आहूजा थे. कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती मगिलिगन की बहाई प्रार्थना से हुआ. उन्होंने अतिथियों और उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए बताया कि उनका जीवन ईश्वर को धन्यवाद के लिए, जिम्मी मगिलिगन के साथ विवाह समाज सेवा और पर्यावरण के लिए समर्पित है. जिम्मी जी ने भारत में बहाई सेवा के लिए मातृभूमि छोड़ दी, क्योंकि वे बाब और बहाउल्लाह से प्रेरित थे. डॉ. नीरजा पौराणिक ने संस्कृत में मंत्रोच्चारण किया. कार्यकम के मुख्य वक्ता आईआईटी बीएचयू और हैदराबाद ट्रिपल आईआईटी के सेवानिवृत्त डायरेक्टर प्रो. राजीव संगल ने बहाई युगल अवतार बाब और बहाउल्लाह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सदियों से दुनिया के लोग ईश्वर द्वारा वादा किए गए दिव्य युग की प्रतीक्षा कर रहे हैं, एक ऐसा युग जब पृथ्वी पर शांति और सद्भाव स्थापित होगा. बहाई अनुयायियों का मानना है कि उनके जुड़वां अवतार, दिव्यात्मा बाब और बहाउल्लाह दिव्य युग की भविष्यवाणी को पूरा करते हैं. इस अवसर पर डॉ. उषा मलिक, सुप्रसिद्ध न्यूरो फिजिशियन, डॉ. अपूर्व पौराणिक, डॉ. रवि वर्मा (सर्जन), प्रो आशीष दुबे, श्रीमती निशा संगल, प्रो ऋषिना नातू, पुष्पा जैन, चेरी और सनमान, नीलेश चौहान, इंदर भंडारी, पटेल मास्टर सहित दौर और गांव से कई श्रद्धालु मौजूद थे. कार्यक्रम के अंत में ट्रस्टी श्रीमती अनुराधा दुबे ने सभी का आभार माना.

# गो भक्त घरों से लेकर आएंगे लड्डू गोपाल, लगेगा छप्पन भोग

▸ अहिल्या माता गोशाला पर गोपाष्टमी पर्व 30 को

**इंदौर.** केशरबाग रोड़ स्थित प्राचीन अहिल्या माता गौशाला पर गुरुवार, 30 अक्टूबर को सुबह 7.30 से दोपहर 2 बजे तक गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में गोमाता पूजन, गो-गोपाल मिलन, गोमाता के अन्नकूट सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे. इस अवसर पर गोशाला आने वाले गो भक्तों को गोशाला में ही उपजे आंवला का निशुल्क वितरण भी किया जाएगा और आधुनिक मशीन से आभा मंडल टेस्टिग सहित गर्भवती माताओं के गर्भस्थ शिशु में श्रेष्ठ संस्कारों के लिए विशेषज्ञ वैद्यों द्वारा गर्भ संस्कार जैसे कार्यक्रम भी होंगे. पिछले वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालु अपने साथ घर के लड्डू गोपाल को लेकर गोशाला आएंगे और गो माता से मिलन एवं परिक्रमा का पुण्य लाभ उठाएंगे.

गोशाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गुरूजी, मंत्री पुष्पेन्द्र धनोतिया एवं संयोजक सी.के. अग्रवाल ने बताया कि गोपाष्टमी पर आधुनिक मशीन से ओरा टेस्टिंग, गर्भ संस्कार, बच्चों के लिए मिट्टी के बर्तन बनाने की कार्यशाला तथा प्राचीन कांसा चिकित्सा पद्धाति द्वारा असाध्य रोगों के उपचार और गोशाला स्थित सप्त गोमाता मंदिर में गोमाता की जीवंत झांकी, तर्पण-अर्पण के लिए चमत्कारिक त्रिवेणी वृक्ष, श्रेष्ठ गुणवत्ता की जैविक खाद, जीव दया की सेवा के लिए पक्षी तीर्थ, गोमाता से जुड़े विशेष पर्वों पर पूजा एवं गोदान के लिए पूजन सामग्री एवं पंडित की नि:शुल्क व्यवस्था, आयुर्वेद चिकित्सकों के सानिध्य में गर्भधारण परामर्श एवं कार्यशाला सहित विभिन्न आयोजन भी होंगे. पूजन के लिए समुचित सामग्री की सम्पूर्ण व्यवस्था गोशाला में नि:शुल्क उपलब्ध रहेगी. उन्होंने बताया कि गोपाष्टमी पर आम गो भक्तों के लिए गोशाला आने पर पूजन सामग्री एवं विद्वान पंडितों की निशुल्क व्यवस्था रहेगी. सबसे बड़ा आकर्षण तो यह होगा कि अपने घर की पूजा में विराजमान लड्डू गोपाल को साथ लाकर गोमाता से मिलन एवं परिक्रमा करा सकेंगे.



# धरावरा धाम पर अन्नकूट महोत्सव 28 को, 20 गांवों के श्रद्धालु आएंगे

**इंदौर.** धार रोड स्थित श्री धरावरा धाम पर दीपोत्सव की श्रृंखला में आश्रम के महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन 28 अक्टूबर को शाम साढ़े 6 बजे से हनुमानजी को 56 भोग समर्पण, श्रृंगार दर्शन, महाआरती एवं प्रसादी के साथ होगा. आयोजन के प्रमुख डॉ. सुरेश चौपड़ा एवं नानूराम चौधरी ने बताया कि महोत्सव में आसपास के 20 गांवों के श्रद्धालु शामिल होंगे. संयोजक दिनेश गर्ग एवं कल्याण भांगड़िया तथा अध्यक्ष संतोषसिंह के मार्गदर्शन में आश्रम से जुड़े गोविंद मंगल, सुधीर अग्रवाल, अशोक कुमावत एवं सीताराम नरेड़ी को विभिन्न समितियों का दायित्व सौंपा गया है. भक्त मंडल द्वारा अन्नकूट महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है. न्यासी मंडल के ललित अग्रवाल, गोपाल गोयल, नारायण अग्रवाल 420 पापड़वाले, ताराचंद खंडेलवाल, महेश मूंगड़, मुकेश ब्रजवासी, नीलेश उपाध्याय, रमेश मिश्रा, विष्णु काबरा एवं रेखा श्रीकांत शर्मा सहित भक्त मंडल की ओर से सभी गांवों में न्यौता देने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं.

**एक नजर** ▸ बैंडबाजे की धुन पर थिरकते और आतिशबाजी करते मंडी पहुंचे व्यापारी

# लक्ष्मीनगर अनाज मंडी में दीपावली मुहूर्त के सौदे और मिलन समारोह





**इंदौर. गुरुवार को लक्ष्मीनगर अनाज मंडी में दीपावली मुहूर्त और दीपावली मिलन समारोह का आयोजन हुआ.**

सुबह गणेशजी और महालक्ष्मी का पूजन कर बैंड बाजे के साथ आतिशबाजी करते और गुब्बारे छोड़ते हुए समस्त व्यापारी किसानी नीलाम स्थल पर पहुंचे. वहां व्यापारियों द्वारा मुहूर्त सौदे नीलाम में मुहूर्त में सोयाबीन 7001 रुपए में व्यापारियों द्वारा खरीदा गया.

दीपावली मिलन समारोह के कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री कैलाशजी विजयवर्गीय, व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंगी, रमेश खंडेलवाल, महासंघ के गोपालदास अग्रवाल, सुदर्शनजी गुप्ता, निरंजनसिंह चौहन, जयदीप जैन, मनोज काला, विपिन वानखेडे, योगेंद्र महंत, राजा अग्रवाल, जमना गुप्ता, सुरेंद्र राठौर, प्रवीण गर्ग सहित अन्य गणमान्य व्यापारीयो की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर मंत्री विजयवर्गीय द्वारा गणमान्यों संबोधित करते हुए दीपावली महापर्व की शुभकामना देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सेकंड स्लैब व्यापारियों में समृद्धि, खुशहाली और आत्मनिर्भर भारत में वृद्धि लाएगा. स्वदेशी वस्तुओं का व्यापार और उपयोग करें. अतिथियों के स्वागत में मुख्य रूप से जयदीप जैन, प्रवीण गर्ग, सुरेंद्र राठौर, जमना गुप्ता, राजेश खंडेलवाल, अवधेश गर्ग, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुरेश चौहान ने किया. नीलाम पश्चात दीपावली मिलन समारोह में 111 ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार और 101 कन्याओं के पूजन से प्रारंभ हुआ.

### मुहूर्त सौदे में आलू 9 से15 और प्याज 6 से 15 रुपए किलो बिका

देवी अहिल्या बाई होलकर सब्जी मंडी में गुरुवार प्रात: 9.21 बजे आलू-प्याज के दीपावली मुहूर्त के सौदे शुरू हुए. मुहूर्त के मौके पर मंडी में आतिशबाजी की गई और व्यापारियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मिठाई बांटी और बधाई दी. आलू-प्याज कमिशन एजेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष पुरुषोत्तम राजवानी और सचिव अम्रत गर्ग ने बताया कि इस अवसर पर मंडी सचिव रामबीर सिंह किरार समेत वरिष्ठ व्यापारी भी उपस्थित रहे. आलू व्यवसायी अजय अग्रवाल ने बताया कि मुहूर्त में 45 हजार कट्टे प्याज, 7 हजार कट्टे लहसुन और 6 हजार कट्टे आलू की आवक हुई. आलू के सौदे 9 से 15 रुपए प्रति किलोग्राम, प्याज 6-15 रुपए और लहसुन के सौदे 4 हजार से 8 हजार रुपए में हुए. मंडी सचिव रामबीर सिंह किरार ने बताया कि जल्द ही मंडी में 3-4 आरो प्याऊ लगवाए जाएंगे और मंडी में बार-बार होने वाले ट्रैफिक जाम से निजात के लिए ठोस उपाय किए जाएंगे. मंडी प्रभारी राज कुवाल ने कहा कि आज के मुहूर्त के दौरान चार पहिया और दो पहिया वाहनों के लिए अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई थी, ताकि सौदे सुचारू रूप से संपन्न हो सकें.